विधायक विनोद शर्मा ने किया शिविर का उद्घाटन

मेगा हेल्थ कैंप में मरीजों का सैलाब

मेगा हेल्थ कैंप में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री व अंबाला के विधायक विनोद शर्मा व अन्य। आज समाज

- कैंप लगाने का उद्देश्य आम एवं गरीब लोगों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराना : शक्ति रानी शर्मा
- कैंसर, हार्ट समेत अन्य घातक बीमारियों की हुई जांच

2140 मरीजों का चेकअप

सुबह 9:00 से दोपहर 3:00 बजे तक चले इस कैंप में कुल 2140 मरीजों का चेकअप किया गया। कैंप में आंखों के करीब 1200 मरीजों का चेकअप किया गया। इसमें 150 मरीजों का ऑपरेशन कराया जाएगा। दांतों के 344 मरीजों की जांच की गई।

किए गए टेस्ट और संख्या

टेस्ट	संख्या
इसीजी	240
शुगर	850
इको	60

आज समाज नेटवर्क

कालका। हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूरे प्रदेश का बिना किसी भेदभाव से चहुमुखी विकास कर रहे हैं। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला के विधायक विनोद शर्मा ने रविवार को हिंदू कन्या स्कूल में आयोजित विशाल निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव जीतकर विधानसभा जाते हैं, उन्हें जनता की सुविधाओं के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कालका विधायक प्रदीप चौधरी की ओर इशारा करते हुए कहा कि क्षेत्र [illegible] विधायक को मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस इलाके की समस्याओं को सीएम के सामने रखेंगे और निवारण का प्रयास करेंगे। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इनमें अधिकतर समस्याएं बिजली-पानी से संबंधित थीं। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने विनोद शर्मा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने हिंदू कन्या स्कूल को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी ने शक्ति रानी शर्मा के मार्गदर्शन में यह कैंप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि इस तरह के कैंप भविष्य में ग्रामीण इलाकों में भी लगाए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग कैंप का लाभ उठा [illegible]

शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कैंप लगाने का उद्देश्य आम एवं गरीब लोगों को निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आंखों के चेकअप के दौरान अनेक मरीज ऐसे भी आए, जिनका ऑपरेशन किया जाना है और इसका खर्च सोसायटी स्वयं उठाएगी। यही नहीं, पेशाब व शौच ठीक से नहीं आने पर एक बच्ची का ऑपरेशन भी सोसायटी ही कराएगी। इसपर करीब एक लाख रुपए की लागत आएगी। कैंप के आयोजन में सहयोग करने वाले समाजसेवी संत शर्मा ने विनोद शर्मा व शक्ति रानी शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में इस तरह का यह पहला कैंप है। इसमें कैंसर व हार्ट आदि के मरीजों का चेकअप भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने यह सराहनीय कार्य किया है।